122

न्यायालय सहायक कलेक्टर प्रथम कोटि/परगनाधिकारी सण्डीला, जनपद हरदोई

वाद संख्या 15 वर्ष 2004-05
धारा 143 उ०प्र० ज०वि० एवं भूमि व्यव० अधि०
ग्राम कहली, परगना व तहसील सण्डीला, हरदोई

प्रबन्धक सुभाष एजूकेशनल सोसाइटी कहली, तेरवा गौसगंज, जिला हरदोई - प्रार्थी

बनाम

उत्तर प्रदेश सरकार - - विपक्षी

आदेश

प्रार्थी अवनीश कुमार सिंह पुत्र स्व० लाल सिंह, प्रबन्धक/महा सचिव, सुभाष एजूकेशनल सोसाइटी कहली गौसगंज ने प्रार्थनापत्र अन्तर्गत धारा 143 उ०प्र० जमींदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम गाटा सं० 130/2.106 के 1/2 भाग तथा 831/1.095 स्थित ग्राम कहली, परगना व तहसील सण्डीला जिला हरदोई के सम्बन्ध में इस कथन के साथ प्रस्तुत किया है कि गाटा सं० 130/2.106 में 1/2 भाग व 831/1.095 का संक्रमणीय भूमिधर है। उपरोक्त भूमि पर सुभाष चन्द्र बोस महाविद्यालय का भवन निर्मित है जिसमें वर्ष 1999 से शिक्षण कार्य चल रहा है। भूमि कृषि प्रयोग में नहीं लाई जा रही है। प्रार्थी ने उपरोक्त भूमि को आबादी भूमि घोषित करने की प्रार्थना की है।

वाद दर्ज रजिस्टर हो कर कागजात तहसीलदार सण्डीला को स्थलीय जांच कर आख्या देने हेतु प्रेषित किये गये। उन्होंने क्षेत्रीय लेखपाल से जांच करा कर आख्या दिनांक 82-05 प्रेषित की है, जो संलग्न पत्रावली है। तहसील आख्यानुसार गाटा सं० 130/2.106 के 1/2 भाग पर तहसील भवन निर्मित है तथा निर्माण कार्य चल भी रहा है। गाटा सं० 831/1.095 गड्ढा युक्त परती पड़ा है और खेल के मैदान हेतु प्रस्तावित है। पत्रावली में संलग्न उद्धरण खतौनी में गाटा सं० 130 पर सुभाष एजूकेशनल सोसाइटी कहली सह-संक्रमणीय भूमिधर तथा गाटा 831 उक्त सोसाइटी के नाम तनहा दर्ज है। चूंकि प्रश्नगत भूमि का प्रयोग कृषि कार्य से इतर किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में प्रश्नगत भूमि को अकृषिक घोषित किया जाना न्यायोचित है।

अतः गाटा सं० 130/2.106 के 1/2 भाग को व गाटा सं० 831/1.095 स्थित ग्राम कहली, परगना व तहसील सण्डीला को अकृषिक घोषित किया जाता है तद्नुसार उक्त भूमि का लगान निरस्त किया जाता है। परवाना अमलदरामद जारी हो। पत्रावली बाद आवश्यक कार्यवाही सैकि अभिलेखालय हो।

दिनांक: 11.2.05

(एस०पी० सिंह)
सहा० कलेक्टर/परगनाधिकारी
सण्डीला, हरदोई

प्रतिलिपि अनुभाग
राजस्व अभिलेखागार
कलेक्ट्रेट, हरदोई

तिथि प्रार्थना पत्र प्राप्त होने की 26/2/22
तिथि प्रार्थना पत्र तैयार होने की 16/4/22
दिन जो तैयारी में लगे 50
हस्ताक्षर वितरित कर्ता 16/4/22
...अंक

प्रतिलिपि तैयार करने वाले का नाम
हस्ताक्षर
... 16-4-22

16/4/22
अभिलेखपाल
राजस्व अभिलेखालय
कलेक्ट्रेट हरदोई